शुक्रवार
5, जून , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



वर्ष 2, अंक 116 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## खेत बचाओ अभियान को सफल बनाने हेतु किसानों को मिला प्रशिक्षण



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। कृषि भूमि, मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला कृषि कार्यालय में "खेत बचाओ अभियान" के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नितेश कुमार ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत की वरीय वैज्ञानिक डॉ. सीमा कुमारी, वरीय वैज्ञानिक उमेश नारायण उमेश, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण अभिमन्यु कुमार, सहायक निदेशक भूमि संरक्षण भुदेव राणा सहित कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। साथ ही कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रगतिशील किसान, खाद विक्रेता एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि खेत बचाओ अभियान केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि कृषि और किसानों के भविष्य कोसुरक्षित रखने का जनआंदोलन है। उन्होंने किसानों से मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने की अपील की।

प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों की जानकारी दी। किसानों को मृदा जांच, फसल चक्र, हरी खाद, जैविक खाद निर्माण तथा वर्षा जल संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया।बैठक में कृषि कर्मियों को गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने और किसान चौपाल के माध्यम से अधिकाधिक किसानों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा सभी ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## बंद घर का ताला तोड़ लाखों के जेवरात और नकदी चोरी



थरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के अस्ता गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया। मामले को लेकर पीड़ित की पुत्री मुस्कान पांडे ने थरथरी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार अस्ता गांव निवासी विजय पांडे अपने परिवार के साथ कई वर्षों से जीविकोपार्जन के लिए प्रयागराज में रहते हैं। घर बंद रहने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर के तीन कमरों के ताले तोड़ दिए और वहां रखे जेवरात, नकदी तथा अन्य मूल्यवान सामान लेकर फरार हो गए।

मुस्कान पांडे ने बताया कि जिस प्रकार केवल उन्हीं कमरों को निशाना बनाया गया, जहां कीमती सामान रखा हुआ था, उससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरों को घर की पूरी जानकारी थी और घटना पूर्व नियोजित तरीके से अंजाम दी गई है।

ग्रामीणों के अनुसार घर का मुख्य गेट पिछले दो दिनों से खुला हुआ था, जिसके बाद चोरी की संभावना को लेकर चर्चा शुरू हुई। चूंकि परिवार गांव में नहीं रहता है, इसलिए चोरी की घटना कब हुई, इसका सटीक समय पता नहीं चल सका है।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सुराग जुटाने के लिए डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली गई है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 32 केंद्रों पर चल रहा समर कैंप, पेयजल तक नहीं उपलब्ध



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक क्षमता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा हरनौत प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में समर कैंप संचालित किया जा रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन ने बताया कि सुबह 7 बजे से 9 बजे तक 32 केंद्रों पर टोला सेवकों के माध्यम से कक्षा 4, 5 और 6 के कमजोर विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण पद्धति से पढ़ाया जा रहा है। प्रत्येक केंद्र पर 10 से 15 बच्चों को शामिल किया गया है।

20 जून तक चलने वाले इस समर कैंप में बच्चों को केवल पुस्तक आधारित शिक्षा ही नहीं, बल्कि गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से भी पढ़ाया जा रहा है। बच्चों को आओ खेलें, ककहरा, संख्या चार्ट, पहाड़ा, अनुच्छेद, कहानियां और भाषा ज्ञान जैसी गतिविधियों के जरिए हिंदी और गणित में दक्ष बनाया जा रहा है। कैंप के दौरान और समापन के बाद विद्यार्थियों का मूल्यांकन भी किया जाएगा ताकि उनकी शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया जा सके।टोला सेवकों ने बताया कि कैंप में ऐसे बच्चों को प्राथमिकता दी गई है जिन्हें तीन अंकों के जोड़, घटाव, गुणा और भाग जैसे सामान्य गणितीय प्रश्न हल करने में कठिनाई होती है। उनका मानना है कि यह अभियान बच्चों की सीखने की खाई को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।हालांकि, कई केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी भी सामने आई है। मध्य विद्यालय पाकड़ के टोला सेवक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा मार्कर, चॉक, डस्टर और अन्य शिक्षण सामग्री का भी अभाव है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## मखदुमपुर में जुलाई से खुलेगा डिग्री कॉलेज, एसडीओ ने किया निरीक्षण



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। कराय परसुराय प्रखंड के मध्य विद्यालय मखदुमपुर में आगामी 1 जुलाई से डिग्री कॉलेज संचालन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा अमित कुमार पटेल ने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा अभियान) मो. शहनवाज, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कराय परसुराय तथा प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अमरेंद्र सिन्हा भी मौजूद रहे।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 1 जुलाई से डिग्री कॉलेज का संचालन प्रारंभ किया जाना है। इसी उद्देश्य से कॉलेज संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया गया।

एसडीओ ने परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, भवनों के रंग-रोगन तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया ताकि कॉलेज संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में पुस्तकों का रख-रखाव संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर एसडीओ ने विद्यालय प्रधान के प्रति नाराजगी जताते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को संबंधित मामले में स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर की चहारदीवारी निर्माण की मांग उठाई। एसडीओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग से संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई के लिए पहल की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि 1 जुलाई से डिग्री कॉलेज का संचालन हर हाल में शुरू कराया जाएगा और सभी तैयारियां निर्धारित समय के भीतर पूरी कर ली जाएंगी।

# सर्किल प्वाइंट में पुलिस बने युवाओं का सम्मान, बढ़ाया गया उत्साह




हिलसा (अपना नालंदा)। एसयू कॉलेज के उत्तर स्थित सर्किल प्वाइंट में गुरुवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार पुलिस में चयनित 15 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सफल अभ्यर्थियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही उन्हें अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव, पैक्स अध्यक्ष सोनू सिंह, संतोष कुमार पार्थ तथा शिक्षाविद् कुमार पवन ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता को कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। डॉ. मानव ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जो विद्यार्थी निरंतर मेहनत करता है, उसे एक न एक दिन अपनी मंजिल अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए अनेक त्याग करते हैं और कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उन्हें शिक्षा दिलाते हैं। ऐसे में बच्चों का भी कर्तव्य है कि वे अपने अभिभावकों के सपनों को साकार करें और उन्हें कभी निराश न करें।इस अवसर पर सभी चयनित अभ्यर्थियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की शपथ भी दिलाई गई। संस्थान के संचालक मिथुन चक्रवर्ती ने छात्रों को नियमित अध्ययन और अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि संस्थान आगे भी इसी तरह विद्यार्थियों को सफलता की राह दिखाता रहेगा। उन्होंने सफल अभ्यर्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि का उत्सव मनाया

# हरनौत में आज से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, खिलाड़ियों में उत्साह



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुचारा मैदान में शुक्रवार से भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होने जा रहा है। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मैदान को आकर्षक रूप से सजाया गया है।

इस प्रतियोगिता का आयोजन नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी धीरज कुमार तथा हरनौत व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह के सौजन्य से किया जा रहा है। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए मैदान की साफ-सफाई कर उसे समतल किया गया है।

रात्रिकालीन मुकाबलों को ध्यान में रखते हुएपीच के चारों ओर बांस-बल्लों के सहारे आठ स्थानों पर एलईडी फ्लड लाइटें लगाई गई हैं, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर रोशनी मिल सके। दर्शकों की सुविधा और आयोजन के सुचारू संचालन के लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जहां फर्स्ट एड बॉक्स, कमेंट्री और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी।

टूर्नामेंट के संरक्षक मंडल में शामिल मनीष कुमार, रौशन कुमार, अमन कुमार और प्रिंश ने बताया कि प्रतियोगिता सुपर लीग प्रारूप में खेली जाएगी। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं उपविजेता टीम को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे।

आयोजकों को उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर भी प्रदान करेगा।









## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा चलाएगी बूथ स्तर पर वृक्षारोपण अभियान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी, बिहारशरीफ नगर उत्तरी की मासिक बैठक गुरुवार को बबुरबन्ना मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संदीप कुमार ने की। बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री अमरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे माह आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इसमें वृक्षारोपण अभियान, जनसंपर्क अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, योग शिविर एवं अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक संचालित करने पर जोर दिया गया।

जिला मंत्री अमरेश कुमार ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर व्यापक वृक्षारोपण करेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं के बीच फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया और अपने-अपने क्षेत्रों में पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के तहत देशभर में अब तक 140 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

इस वर्ष भी पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक का संचालन नगर महामंत्री मोनू कुमार ने किया। इस अवसर पर वीरेंद्र चौधरी, प्रेमजीत कुमार, सुरेंद्र शर्मा, राजकमल पासवान, सुनील कुमार, राजदीप कुमार, अविनाश कुमार, राजेश चंद्र दीपक, शशिकांत सिन्हा, अरविंद कुमार, कमल प्रभाकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इस्लामपुर में दो स्थानों पर मारपीट, महिला समेत दो घायल



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पावापुरी रेफर कर दिया गया।

पहली घटना धमौली गांव की बताई जा रही है। घायल अमरेंद्र कुमार उर्फ जुमन के चचेरे भाई राहुल कुमार ने इस्लामपुर थाना में लिखित आवेदन देकर अमरेंद्र की पत्नी नीतू देवी, ससुर उपेंद्र चौधरी उर्फ मुन्नु महतो तथा चाचा पप्पू महतो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन में कहा गया है कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर वे घटनास्थल पर पहुंचे, जहां अमरेंद्र घायल अवस्था में मिला। आरोप है कि अमरेंद्र ने बताया कि उसे पेड़ से बांधकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला किया गया तथा आंख पर भी वार किया गया। बाद में उसे मृत समझकर सड़क किनारे छोड़ दिया गया। परिजनों ने घायल के बयान की रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंपने का दावा किया है।

दूसरी घटना नगर क्षेत्र के चमर टोली मोहल्ले में हुई। घायल महिला अनीता कुमारी ने आरोप लगाया कि उसके देवर ने घर के बक्से का ताला तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण निकाल लिए। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गई।पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।









# अनुश्रवण समिति कि बैठक में राशन, शिक्षा और जाम कि समस्या पर हुई चर्चा



हिलसा (अपना नालंदा)। अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं जन वितरण प्रणाली से जुड़ी शिकायतों और अनियमितताओं की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान समिति सदस्यों ने राशन वितरण में गड़बड़ी, लाभुकों को समय पर खाद्यान्न नहीं मिलने तथा जन वितरण प्रणाली की दुकानों के लंबे समय तक बंद रहने का मुद्दा उठाया। सदस्यों ने कहा कि कई राशन दुकानों पर अत्यधिक भीड़ के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन नहीं मिलने की शिकायत भी प्रमुखता से उठाई गई। इसके अलावा स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

बैठक में हिलसा शहर की जाम समस्या भी प्रमुख मुद्दा रही। समिति सदस्यों ने कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित नए यातायात नियमों का समुचित पालन नहीं हो रहा है। कई बस चालक निर्धारित स्टैंड के बजाय पुराने स्थानों से बसों का परिचालन कर रहे हैं, जिससे शहर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

सदस्यों ने गैस एजेंसी के वेंडरों द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने तथा कई होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग की शिकायत भी रखी।एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों की शीघ्र जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया तथा दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मलमास मेला ड्यूटी से गायब विकास मित्र पर गिरी गाज, मानदेय स्थगित, सेवा समाप्ति की चेतावनी

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में प्रतिनियुक्त विकास मित्र के लगातार अनुपस्थित रहने के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा मेला अवधि के लिए प्रतिनियुक्त किए गए विकास मित्र लक्ष्मीकांत के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या-10, नगर परिषद राजगीर के विकास मित्र लक्ष्मीकांत की प्रतिनियुक्ति 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजकीय राजगीर मलमास मेला में की गई थी। मेला थाना क्षेत्र कंट्रोल रूम प्रभारी ने प्रतिवेदन देकर बताया कि लक्ष्मीकांत 17 मई 2026 से ही अपने कर्तव्य स्थल से लगातार अनुपस्थित हैं।


प्रशासन द्वारा दूरभाष एवं जिला स्तर के वरीय पदाधिकारियों के माध्यम से उनसे संपर्क करने और ड्यूटी पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया, लेकिन इसके बावजूद वे कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे।जिला कल्याण पदाधिकारी, नालंदा ने इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, वरीय अधिकारियों के आदेश की अवहेलना तथा स्वेच्छाचारिता माना है। इसके आलोक में उनकी अनुपस्थिति अवधि के वेतन की कटौती करते हुए मानदेय स्थगित कर दिया गया है तथा उनसे कारण-पृच्छा (शोकॉज) का जवाबमांगा गया है।

## महिला से अभद्रता का विरोध करने पर फायरिंग, मचा हड़कंप

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने, पिस्तौल दिखाकर धमकी देने और फायरिंग करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़िता ने थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित महिला के अनुसार, घटना उस समय हुई जब वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान कुछ लोग हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आए और अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने पिस्तौल दिखाकर जान से मारने तथा घर छोड़कर चले जाने की धमकी दी। भयभीत महिला किसी तरह घर से बाहर निकली और शोर मचाकर ग्रामीणों से मदद की गुहार लगाने लगी।

महिला की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपितों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।




# सड़कों और पुलों के रखरखाव में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त :- सम्राट चौधरी




पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर राज्य की सड़क एवं पुल परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं, निर्माण कार्यों और रखरखाव से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा उनके रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम लोगों को सुरक्षित, सुगम और गुणवत्तापूर्ण सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है। इसके लिए परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और वित्तीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने सभी पुलों का नियमित तकनीकी निरीक्षण एवं सुरक्षा ऑडिट कराने का निर्देशभी दिया, ताकि संरचनाओं की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता बनाए रखना अनिवार्य है।

बैठक में मुंगेर(सफियाबाद)-बरियारपुर-घोरघट-सुल्तानगंज-भागलपुर-सबौर फोरलेन गंगा पथ परियोजना की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को हाइब्रिड एन्यूटी मोड के तहत आगे बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे पूर्वी बिहार की संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी और क्षेत्र के आर्थिक व पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी।

बैठक में पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता और समयसीमा के साथ पूरा करने पर जोर दिया।

# शिक्षण संस्थान पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण, जाँचोपरान्त दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई - डॉ0 अशोक चैधरी




पटना (अपना नालंदा)। जद(यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी, मदन सहनी एवं डॉ. श्वेता गुप्ता ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री अशोक चौधरी ने खान सर के शिक्षण संस्थान पर हुए हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुजफ्फरपुर में हुई आगजनी की घटना पर भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सुरक्षा मानकों के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

मंत्री मदन सहनी ने कहा कि मुजफ्फरपुर की घटना बेहद दुखद है और सरकार घायलों के बेहतर उपचार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।वहीं मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बाल मजदूरी के खिलाफ सरकार की सख्त नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कुप्रथा में शामिल लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# जिला परिषद बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति पर हुई समीक्षा




संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। जिला परिषद सभाकक्ष, नवादा में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पेयजल आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, विद्युत, सड़क निर्माण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा बाल विकास परियोजना सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी सदन को दी।जिला परिषद सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क, पेयजल , स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद नवादा नीलिमा साहू ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने गुणवत्ता, जवाबदेही और नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया।

बैठक में विधायक विमल राजवंशी, विधान पार्षद अशोक यादव, जिला परिषद उपाध्यक्षा निशा कुमारी, जिला परिषद सदस्य तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को बैठक में लिए गए निर्णयों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# बीस सूत्री बैठक में विकास कार्यों और अनियमितताओं पर उठे सवाल



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में गुरुवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनिया ढनढनियां ने किया।

बैठक में बीडीओ, अंचल अधिकारी, शिक्षा एवं कृषि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं पंचायती राज पदाधिकारी और स्वच्छता समन्वयक सहित अन्य अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने नाराजगी जताई तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई और स्पष्टीकरण मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया।

पूर्व बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराए जाने पर भी सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया। सदस्य प्रिय रंजन सिंह ने पंचायती राजविभाग के आदेश संख्या 4660 का हवाला देते हुए स्वच्छता कार्यों में अनियमितता और सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया। इस पर अध्यक्ष ने आपूर्ति, कृषि समेत विभिन्न विभागों की जांच के लिए एक समिति गठित करने की घोषणा की।

बैठक में पारित प्रस्तावों की प्रतिलिपि सात दिनों के भीतर जिलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के सचिव को भेजने का निर्णय लिया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए बंद पड़े नल-जल योजनाओं और खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश भी दिया गया।उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने पेश पंचायत में पांच वर्षों से विकास कार्य नहीं होने और बिना आमसभा के योजनाएं स्वीकृत किए जाने का मुद्दा उठाया। साथ ही एफसीआई गोदाम एवं स्थायी बस स्टैंड निर्माण की मांग भी की गई। बैठक में सदस्य विपिन कुमार, चुन्नी देवी, नीतू देवी, अनीश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जहानाबाद बाईपास पर कृषि मंत्री विजय सिन्हा का हुआ भव्य स्वागत



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा का गुरुवार को जहानाबाद बाईपास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंत्री पटना से गया में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में बाईपास पर एकत्रित हो गए।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला महामंत्री अमरेन्द्र कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मंत्री के प्रति सम्मान और उत्साह का परिचय दिया।

अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा गया के एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। उनके जहानाबाद से गुजरने की जानकारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मंत्री के नेतृत्व में राज्य में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अनिल ठाकुर, शुभम राज सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के उज्ज्वल नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें गया यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दीं।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# दहेज हत्या मामलों की समीक्षा, आरोपितों की गिरफ्तारी में तेजी लाने के निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न थानों में लंबित दहेज हत्या एवं अन्य गंभीर आपराधिक मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दहेज हत्या तथा अन्य संगीन अपराधों में संलिप्त आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुराने एवं वर्तमान मामलों का त्वरित निष्पादन पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में अनुसंधानकर्ताओं एवं जांच अधिकारियों को वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित समयसीमा के भीतर न्यायालय मेंआरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मजबूत अनुसंधान और समय पर चार्जशीट दाखिल होने से दोषियों को सख्त सजा दिलाने में मदद मिलेगी तथा पीड़ित परिवारों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि जहानाबाद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित न्याय के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से जिले में "अभय ब्रिगेड" का संचालन किया जा रहा है, जो महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा का भरोसा प्रदान कर रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विभिन्न कोचिंग संस्थानों और शैक्षणिक परिसरों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है और छात्राएं स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि अभय ब्रिगेड की सक्रियता से महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है तथा कानून-व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास बढ़ा है।

# पेट्रोल पंप के समीप कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद के काको मोड़ स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक वेगनआर कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें पूरी गाड़ी में फैल गईं और वाहन धू-धू कर जलने लगा। घटना स्थल पर पेट्रोल पंप के साथ-साथ सीएनजी सुविधा भी मौजूद होने के कारण आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि किसी की हिम्मत वाहन के पास जाकर उसे बुझाने की नहीं हुई। लोगों ने तत्काल पेट्रोल पंप कर्मियों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पूरी कार को अपनी चपेट में ले चुकी थी और वाहन लगभगपूरी तरह जलकर खाक हो गया था।

फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि घटनास्थल के बिल्कुल पास पेट्रोल पंप और सीएनजी टैंक मौजूद थे। यदि आग और फैलती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कार में भी सीएनजी किट लगी हुई थी। आग लगने के कारणों को लेकर विभिन्न कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ लोग शॉर्ट सर्किट तो कुछ बाहरी सीएनजी फिटिंग को संभावित कारण बता रहे हैं। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ और समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया।

# जहानाबाद में 777 लीटर अवैध शराब बरामद, दो प्राथमिकी दर्ज



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान के निर्देशन में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब और बीयर बरामद की है। इस कार्रवाई को जिले में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

उत्पाद विभाग की टीम ने नगर थाना क्षेत्र के राजा बाजार स्थित शिक्षक कॉलोनी, वार्ड संख्या-03 में छापेमारी कर 322 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की। वहीं 4 जून 2026 को परसबीघा थाना क्षेत्र के घोसी गांव में की गई कार्रवाई में 455 लीटर बीयर एवं विदेशी शराब बरामद की गई। दोनों स्थानों से कुल 777 लीटर अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।

मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के तहत दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राज्य में शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, खरीद-बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बड़ी बरामदगी के बाद जिले में अवैध शराब के नेटवर्क को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या भंडारण की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास प्रस्तुति -

# " पर्यावरण संकट की झुलसती आग में पर्यावरण संरक्षण का औचित्य : एक विवेचनात्मक मूल्यांकन "




पर्यावरण ही जीवन है , इस तथ्य से हम इनकार नहीं कर सकते हैं । मानव सहित सभी जीवों का अस्तित्व एक स्वस्थ पर्यावरण पर ही निर्भर करता है । पर्यावरण को स्वच्छ , सुंदर और सभी प्रकार के प्रदूषणों से मुक्त रखने में हरे पेड़ पौधों की प्रमुख भूमिका होती है । हमारे प्राचीन शास्त्रों जैसे वेद , पुराण , उपनिषद , रामायण , महाभारत , कुरान , बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब में पर्यावरण संरक्षण का स्पष्ट उल्लेख मिलता है ।

प्रकृति ने जो हमें प्राकृतिक संसाधन एक अमूल्य धरोहर के रूप में दिया है , उसका सदुपयोग करने के लिए ही हमलोगों को यह उपहार दिया गया है , ताकि इनका सदुपयोग कर हम एक स्वच्छ पर्यावरण में जी सकें । किंतु यह बड़े ही दुख की बात है कि मानव प्रकृति से साथ लगातार छेड़ छाड़ कर रहा है । लगातार वृक्षों और वनों की कटाई जारी है । वृक्ष और वनों की कटाई करने वाले मानव को इस नंगे सत्य का एहसास होना चाहिए कि वह वृक्षों पर कुल्हाड़ी नहीं चला रहा है , बल्कि वह स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है । प्रकृति के विरुद्ध मानव गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं । प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है । प्रकृति उब चुकी है इन हरकतों से । अब वह चुप नहीं है । प्रकृति के कोप का भाजन हम हो रहे हैं , फिर भी हमारी आंखें नहीं खुल रही हैं । बड़े पैमाने पर प्रदूषण , जलवायु परिवर्तन के कुप्रभावों , ग्लोबल वार्मिंग , ग्रीन हाउस इफेक्ट आदि को हम झेलने के लिए मजबूर हैं । हमारी जल स्रोत सूखते जा रहे हैं । हमारी नदियां प्रदूषण का शिकार हो रही हैं । गंगा नदी, जिन्हें हम सदियों से मां के नाम से पुकारते आ रहे हैं , प्रदूषित हो गई हैं । कौन जिम्मेवार है इसके लिए ? निश्चित रूप से मानव ही जिम्मेवार है । लगातार अपशिष्ट पदार्थों का प्रवाह मां गंगा में जारी है। परिणाम स्वरुप गंगेटिक इकोसिस्टम पर बहुत ही प्रतिकूल असर पड़ रहा है । स्थिति इतनी भयावह है कि गंगा नदी में पाए जाने वाले डॉल्फिन, देशी मछलियां एवं अन्य जीवों के अस्तित्व पर विलुप्ति के बादल मंडरा रहे हैं। देवों के देव महादेव की जटा से निकली गंगा नदी , जिन्हें हम सदियों से मां की संज्ञा देते आ रहे है , क्या यह एक मां का अपमान नहीं है? क्या राजा भगीरथ की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपनी जटा खोलकर मां गंगा को पृथ्वी पर अवतरित किया , क्या भोलेनाथ और राजा भगीरथ का अपमान नहीं है ? क्या गंगा नदी का जल स्वच्छ और निर्मल है ? नहीं । डॉल्फिन मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध और नालंदा खुला विश्वविद्यालय , नालंदा के पूर्व कुलपति प्रो. आर के सिन्हा सर ने हमें दूरभाष पर बताया कि धरती पर मा गंगा के अवतरित होने के समय से ही डॉल्फिन इस नदी में पाए जाते हैं । प्रोफेसर सिन्हा जी ने आगे बताया कि डॉल्फिन , जिसे स्थानीय भाषा में सोस कहते है , एक प्राचीन कालीन जीव है , जो आज भी गंगा नदी में पाए जाते हैं । आगे उन्होंने खुलासा किया कि डॉल्फिन एक मछ्ली नहीं है , बल्कि एक स्तनधारी जंतु है ।

हिमालयी क्षेत्रों में पायी जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण जीवन रक्षक जड़ी बूटियां अत्यधिक दोहन का शिकार होकर विलुप्ति के कगार पर खड़ी हैं । यह पर्यावरण के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है । प्रसंगवश रामायण काल में युद्ध के दौरान मेघनाथ के अचूक प्राणघातक वाण से मूर्छित भगवान राम के अनुज लक्ष्मण जी के प्राणों की रक्षा रामभक्त हनुमान जी द्वारा द्रोणगिरी पर्वत से लाए गए संजीवनी बूटी से ही हुई थी , यह जग जाहिर है ।

मानव जीवन के वरदान गौरैया प्राकृतिक वास और अनुकूल भोजन ( दाना पानी ) नही मिलने से शहरों को छोड़कर अन्यत्र स्थानों की ओर पलायन कर चुकी हैं । शहरों में वृक्षों की कटाई कर अपार्टमेंट्स और कंक्रीट भवनों का निर्माण किए जाने से गौरैया का प्राकृतिक वास अब नहीं रहा । स्थिति ऐसी आ गई है कि गौरैया अब विलुप्ति की ओर तीव्र गति से अग्रसर है । शहरों में इसकी संख्या तेजी से घटती जा रही है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है ।

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल पूरी दुनिया में 5 जून को मनाया जाता है । इस वर्ष के समारोह की मेजबानी अज़रबैजान देश कर रहा है । संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ( UNEP ) द्वारा विश्व के सारे देशों को अज़रबैजान में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है । विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का थीम है - "

प्रकृति से प्रेरित : जलवायु के लिए : हमारे भविष्य के लिए " । आज के परिदृश्य ( SCENARIO ) में इस विषय पर गहन विचार विमर्श करना आज पर्यावरण संकट की आग में झुलसती दुनिया को निजात दिलाने में एक ऐतिहासिक कदम है , क्योंकि असामान्य जलवायु परिवर्तन हमारे सामने एक चुनौती बन कर खड़ा है । बिहार सहित देश के कई भागों में पड़ रही भीषण गर्मी से बेहाल जिंदगी असामान्य जलवायु परिवर्तन के कारण ही है । इसके लिए मानव गतिविधियां ही जिम्मेवार हैं , इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है ।

आज के परिदृश्य में प्लास्टिक प्रदूषण हमारे लिए एक घोर संकट बन गया है । प्लास्टिक सभी जीवों के स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक है । समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र प्लास्टिक की उपस्थिति के कारण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है । समुद्री जीव जंतुओं जो समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं , उनके अस्तित्व पर ही खतरा है ।अंत में , हम विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के सभी सम्मानित नागरिकों से निवेदन करना चाहते हैं कि अपने अस्तित्व को मिटने से बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करें । सरकारी स्तर पर निःसंदेह पर्यावरण को संरक्षित करने की दिशा में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं , किंतु बिना आम लोगों की सकारात्मक भागीदारी से इस उद्देश्य की प्राप्ति में पूर्ण सफलता संभव नहीं है , ऐसा हमारा स्पष्ट मानना है ।

यदि पर्यावरण को बचाना है और यदि हम अपने आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन शैली देना चाहते हैं , तब हमें विश्व पर्यावरण दिवस पर कम-से-कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल अपने परिवार की तरह तब तक करना चाहिए , जब तक वह बड़ा होकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लायक नहीं हो जाए ।

" स्वच्छ पर्यावरण : स्वस्थ्य भारत : प्रदूषण मुक्त भारत : प्लास्टिक मुक्त भारत : समृद्ध भारत " , यही है नारा हमारा । प्रकृति के संग ही हम विकास की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं , प्रकृति से छेड़ छाड़ कर नहीं ।

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ,

लेखकद्वय

**आलेख -**

**प्रो. श्याम नंदन प्रसाद , पर्यावरणविद् सह चीफ कॉर्डिनेटर , वनस्पति शास्त्र विभाग , नालंदा खुला विश्वविद्यालय , नालंदा , बिहार , इंडिया ।**

**प्रो. नंदीपति तिवारी , जंतु विशेषज्ञ सह चीफ कॉर्डिनेटर , जंतु शास्त्र विभाग , नालंदा खुला विश्वविद्यालय , नालंदा , बिहार , इंडिया ।**

## आयुर्वेद विद्यार्थियों ने नैनोमेडिसिन अनुसंधान और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया



पटना (अपना नालंदा)। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव के निर्देशन में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरकारी राजकीय आयुर्वेद कॉलेज के लगभग 50 एमडी, एमएस एवं बीएएमएस विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने केंद्र में संचालित विभिन्न नैनोमेडिसिन अनुसंधान परियोजनाओं का अवलोकन किया और अत्याधुनिक शोध प्रयोगशालाओं में उपयोग होने वाली आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। स्कूल ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को मधुमेह और कैंसर जैसी जटिल बीमारियों के उपचार के लिए विकसित की जा रही नैनोमेडिसिन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer